CMYK

web : www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक-सेहत-विज्ञान-फीचर

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN16931 | email :- nyaysakshi@gmail.com | रायगढ़, शनिवार 13 अक्टूबर 2018 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए | वर्ष-01, अंक-18

# पीएम मोदी को मिली जान से मारने की धमकी

## सुरक्षा एजेंसियों में हड़कंप

नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जान से मारने की धमकी मिली है। पुलिस कमिश्नर को एक ईमेल आईडी के जरिए ये धमकी भेजी गई है। इस ई-मेल के बाद पुलिस प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों में हड़कंप मच गया है। इस इमेल में पीएम को जान से मारने की धमकी के साथ 2019 का जिक्र किया गया है, साथ ही दिन और महीने के बारे में भी बताया गया है।



पुलिस ने बताया कि यह मेल असल के किसी जिले से भेजा गया है। सुरक्षा एंजेसियां इस खबरे है बाद एक्शन में आ गई हैं। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

बता दें कि इससे पहले भीमा-कोरेगांव हिंसा की जांच में भी पीएम मोदी को जान से मारने की धमकी मिली थी जिसके बाद पीएम मोदी की सुरक्षा बढ़ा दी गई थी। नक्सलियों के संपर्क में रहने के आरोप में दिल्ली से गिरफ्तार किए गए रोना जैकब विल्सन के पास से मिली चिट्ठी से यह खुलासा हुआ था।

इससे पहले 2017 में यूपी पुलिस के लखनऊ कंट्रोल रूम से नई दिल्ली जिले के तीन थानों तुगलक रोड, चाणक्यपुरी व साउथ एवेन्यू में शिकायत लिखवाई गई थी। इसमें बताया गया था कि एक व्यक्ति ने फोन कर कहा है कि प्रधानमंत्री की जान को खतरा है और वह प्रधानमंत्री को मार देगा। जिसके हड़कंप मच गया था।

# लापता पत्रकार खाशोगी के बारे में सऊदी सुल्तान से चर्चा करूंगा : ट्रंप

वॉशिंगटन (आरएनएस)। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप का कहना है कि वह सऊदी अरब के लापता पत्रकार जमाल खाशोगी को लेकर सऊदी अरब के सुल्तान सलमान से बात करेंगे। पत्रकार जमाल दो अक्टूबर से लापता हैं। ट्रंप ने ओहायो में संवाददाताओं से कहा कि मैं कुछ मुद्दों पर किंग सलमान से चर्चा करूंगा। बहुत



सारे लोग इस बारे में जानना चाहते हैं और यह बहुत भयावह स्थिति है।

ट्रंप ने कहा कि अभी कोई भी इसके बारे में कुछ नहीं जानता। बता दें कि कुछ दिन पहले ही पत्रकार की मंगेतर ने राष्ट्रपति ट्रंप के साथ सऊदी के क्राउन प्रिंस से जमाल खाशोगी के बारे में सही सूचना के लिए गुहार लगाई थी। जानेमाने पत्रकार खाशोगी दो अक्टूबर को लापता हो गए थे।

# इंटरसिटी एक्सप्रेस से उतर रहे यात्री लालकुआं एक्सप्रेस की चपेट में आए, पांच की मौत

कैमूर (आरएनएस)। बिहार के भभुआ रोड रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार शाम बड़ा हादसा हो गया. इंटरसिटी एक्सप्रेस से उतरते समय सामने से आ रही लालकुआं एक्सप्रेस की चपेट में आने से पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि चार लोग घायल हो गए.

घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां कई की हालत गंभीर बताई जा रही है. जानकारी के अनुसार, शुक्रवार शाम बिहार के भभुआ रोड रेलवे स्टेशन पर इंटरसिटी एक्सप्रेस (18612) आई थी. ट्रेन स्टेशन पर रुकी तो कुछ लोग दूसरी तरफ से भी उतरने लगे. इसी दौरान वहां से लालकुआं एक्सप्रेस के निकलने का समय हो गया.

# नोटबंदी से पहले दिए पैसे मांगे, बहन ने मार डाला

फरीदाबाद,(आरएनएस)। पैसों के लिए खून के रिश्तों में पड़ी दरार एक बार फिर सामने आई है। इसमें एक महिला ने अपने ही छोटे भाई का सिर्फ इसलिए कत्ल कर दिया क्योंकि वह उधार दिए पैसे वापस मांग रहा था। मामला डबुआ कॉलोनी का है, जहां त्रिलोकी (30) नाम के युवक की हत्या हुई। इसमें पुलिस ने खुलासा किया है कि त्रिलोकी की हत्या उसकी ही बड़ी बहन ने की थी। हत्या के पीछे रुपयों का लेन-देन सामने आया है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### अमेरिका में तूफान माइकल का कहर, 6 लोगों की मौत

मियामी (आरएनएस)। अमेरिका के फ्लोरिडा में तूफान माइकल से अब तक छह लोगों के मरने की खबर है। इसे अमेरिका में दस्तक देने वाला अब तक का सबसे शक्तिशाली तूफान कहा जा रहा है। प्रशासन का कहना है कि खोज एवं बचाव अभियान जारी रहने की वजह से मृतकों की संख्या बढ़ भी सकती है।

### पाकिस्तान को कर्ज देने से पहले अमेरिका चीन के कर्ज का लेगा हिसाब

इस्लामाबाद (आरएनएस)। गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहे पाकिस्तान को कर्ज के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और अमेरिका से कर्ज के लिए पाकिस्तान ने पहले ही गुहार लगाई है। हालांकि, कर्ज देने से पहले पाक के वित्तीय हालात की समीक्षा अमेरिका करेगा। द डॉन में छपी खबर के अनुसार, अमेरिका कर्ज देने से पहले पाकिस्तान पर चीन का कितना कर्ज है, इसका आकलन करेगा।

### भारत ने जीता मानवाधिकार परिषद का चुनाव, मिले सबसे ज्यादा 188 वोट

संयुक्त राष्ट्र (आरएनएस)। भारत ने संयुक्त राष्ट्र की सर्वोच्च मानवाधिकार इकाई संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) का चुनाव बहुमत के साथ जीत लिया है। इसका कार्यकाल तीन साल के लिए होगा जो 1 जनवरी 2019 से शुरू होगा। एशिया पसिफिक क्षेत्र कैटिगरी में भारत को 188 वोट मिले हैं, जो कि सभी कैंडिडेट्स में सबसे ज्यादा रहा।

### युगांडा में नदी में उफान के कारण 41 लोगों की मौत

बुडुड (आरएनएस)। पूर्वी युगांडा में एक नदी में आए उफान के कारण कम से कम 41 लोगों की मौत हो गई है। आपदा अधिकारियों और जीवित बचे लोगों ने बताया कि पानी और नदी के साथ बह कर आई मिट्टी और पत्थर घरों में घुस गए हैं। पूर्वी बुडुडा जिला में एक दिन पहले आई आपदा में जीवित बचे लोगों और पीड़ितों को बचाने के लिए बचाव दल शुक्रवार देर रात तक काम में जुटा था।

### पुलिस व माओवादियों के बीच भीषण मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर

विशाखापट्टनम (आरएनएस)।आंध्र प्रदेश में पुलिस और नक्सलियों के बीच भारी भिड़त की खबर है। शुक्रवार को विशाखापट्टनम के मांचिंगपेट में जब पुलिस सर्च ऑपरेशन चला रही थी उसी वक्त माओवादियों के साथ पुलिस की मुठभेड़ प्रारंभ हो गयी। इस मुठभेड़ में अभी तक एक माओवादी के मारे जाने की खबर है। प्रदेश के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के अनुसार इस इलाके को पुलिस ने घेर लिया है और माओवादियों पर लगातार दबाव बनाए हुए हैं।

### खगड़िया में पुलिस और बदमाशों में मुठभेड़, थाना प्रभारी शहीद

खगड़िया (आरएनएस)। बिहार के खगड़िया जिले में शुक्रवार देर रात अपराधियों के साथ हुई मुठभेड़ में पसराहा के थाना प्रभारी आशीष कुमार सिंह शहीद हो गए जबकि एक अन्य पुलिसकर्मी घायल हो गया। इस मुठभेड़ में एक अपराधी के ढेर होने की भी सूचना है।

# रेप के आरोपी को जिंदा जला देना चाहिए: गेनीबेन ठाकोर

## कांग्रेस विधायक का वीडियो वायरल

अहमदाबाद (आरएनएस)। गुजरात के बनासकांठा जिले से कांग्रेस विधायक गेनीबेन ठाकोर का एक वीडियो तेज़ी से वायरल हो रहा है. इस वीडियो में उन्हें यह कहते सुना जा सकता है कि रेप के आरोपी को जिंदा जला देना चाहिए. बता दें कि गेनीबेन, बनासकांठा ज़िले की वाव विधानसभा सीट से कांग्रेस विधायक हैं.



वीडियो में गेनीबेन ठाकोर कह रही हैं, भारत में हर किसी को कानून की प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है, लेकिन जब कभी ऐसी घटनाएं होती हैं, उसी दिन 500, 50 या 100 लोगों को एकजुट होकर आरोपी को पेट्रोल छिड़ककर जला देना चाहिए. उसे पुलिस के हवाले मत करो, बल्कि खत्म कर दो.

**गुजरात में बिहार के लोगों पर हमले को लेकर भाजपा, कांग्रेस के बीच आरोप-प्रत्यारोप जारी**

गुजरात में बिहार के लोगों सहित उत्तर भारतीयों पर हमले और उनके पलायन को लेकर भाजपा और कांग्रेस के बीच गुरुवार को भी आरोप-प्रत्यारोप जारी रहा.

# पता नहीं कांग्रेस को कहां से राज्य-केन्द्र में सरकार बनती दिख रही है:शाह

अंबिकापुर (आरएनएस)। पिछड़ा माने जाने वाला अंबिकापुर आज विकास का हब बनता जा रहा है। सैनिक स्कूल, मेडिकल कालेज, सड़कों का जाल, महिलाओं को स्काई योजना के तहत मोबाइल का वितरण और गरीबों के कल्याण के लिए अनगिनत योजनाएं। मगर यह जनकल्याणकारी योजना कांग्रेस



को नहीं दिखती। सीडी बनाकर कांग्रेस के साथियों ने राजनीति को शर्मसार कर दिया है। पार्टी अध्यक्ष ने मिशन 65 का जो लक्ष्य भाजपा कार्यकर्ताओं को दिया है, वह जरूर पूरा होगा।

अंबिकापुर में आयोजित बूथ अध्यक्षों की सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह ने कहा कि राज्य की भाजपा सरकार ने प्रदेश के विकास के लिए क्या काम किया है, यह काम गिनाने की जरूरत नहीं, हर कार्यकर्ता जानता है। भाजपा के कार्यकर्ता जब जनता के पास जाएंगे तो गांव-गांव में और हर घर में जनकल्याणकारी योजना का क्रियान्वयन स्वयं दिख जाएगा। जनता जानती है कि भाजपा सरकार ने क्या-क्या काम किया है। गांव और गरीब की चिंता करने वाली भाजपा सरकार को अपनी उपलब्धियां बताने की जरूरत नहीं है।

# युगांडा में भूस्खलन से 40 लोगों की मौत

कम्पाला (आरएनएस)। युगांडा के माउंट एलगॉन इलाके में शुक्रवार को भारी बारिश के बाद हुए भूस्खलन के कारण लगभग 40 लोगों की मौत हो गयी। बीबीसी ने युगांडा रेड क्रॉस के हवाले से बताया कि अचानक हुए भूस्खलन के कारण बड़ी संख्या में लोग मारे गये जिनमें से 36 के शव बरामद कर लिये गये हैं। वहीं डेली मॉनिटर समाचार पत्र ने बताया है कि अब तक 40 शव बरामद किये जा चुके हैं।

इलाके में भारी बारिश के कारण एक नदी अपना किनारा तोड़कर बहने लगी जिसकी वजह से भारी मात्रा में कीचड़ के साथ पानी निकटवर्ती गांवों में घुस गया।

# 26/11 जैसा हमला दोहराने की फिराक में आतंकी

नई दिल्ली (आरएनएस)। देश में आए दिनों आतंकी हमलें की घटनाएं सामने आती रहती है। 26 नवंबर 2008 को 10 पाकिस्तानी आतंकियों ने मुंबई में बड़ी आतंकी घटना को अंजाम दिया था। इसी कड़ी में पाकिस्तानी आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा एक बार फिर से मुंबई में 26/11 दोहराने की फिराक में हैं। खुफिया एजेंसियों के मुताबिक, इस बार आतंकी समुद्री रास्ते से हमला करने की योजना बना रहे हैं। जिसके लिए आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद अपने आतंकियों को समुद्र में स्विमिंग और डीप डाइविंग जैसी ट्रेनिंग दे रहा है। सूत्रों के मुताबिक, लश्कर के आतंकी कार्गो शिप या ऑयल टैंकर्स को हाईजैक करके बड़ी घटना को अंजाम दे सकते हैं।

# कुर्क होगी जाकिर नाईक की 4 संपत्तियां

## एनआईए कोर्ट का आदेश

नईदिल्ली (आरएनएस)। विशेष एनआईए अदालत ने विवादित धर्मगुरु जाकिर नाईक की मुंबई स्थित चार संपत्तियां कुर्क करने का आदेश दिया है. नाईक पर आतंकवाद रोधी कानून के तहत मामला दर्ज है. 52 साल के नाईक पर दो साल पहले गैर-कानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत आरोप लगाए गए थे. कोर्ट ने नाईक को जून 2017 में वांटेड अपराधी घोषित किया था. इसके बाद राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने शहर में स्थित नाईक के दो फ्लैट और एक कॉमर्शियल प्रतिष्ठान कुर्क कर लिए थे. मझगांव इलाके में नाईक की चार संपत्ति कुर्क करने की इजाजत मांगने वाली केंद्रीय एजेंसी की अर्जी विशेष अदालत ने गुरुवार को स्वीकार कर ली.



# राजधानी में फिर घुटेगा दम ? जलाई जा रही पराली

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली सरकार ने शुक्रवार को हरियाणा और पंजाब में दिल्ली-चंडीगढ़ के साथ के विभिन्न इलाकों पर पराली जलाने की तस्वीरें जारी की हैं। दिल्ली सरकार ने दोनों राज्यों से मांग की है कि पराली जलाने से रोकने के लिए कदम उठाएं ताकि दिल्ली को एक बार फिर दमघोंटू हवा की चपेट में न आना पड़े।

दिल्ली के पर्यावरण मंत्री इमरान हुसैन ने कहा कि तस्वीरें इस बात का सबूत हैं कि बिना किसी रोक के पराली को जलाना जारी है। उन्होंने चेताया कि आने वाले हफ्तों में दिल्ली गंभीर वायु प्रदूषण का शिकार हो सकती है। आपको बता दें कि पिछली साल भी दिल्ली को दमघोंटू स्मॉग से जूझना पड़ा था, तब भी पराली जलाने की घटनाएं सामने आई थीं।



इमरान हुसैन ने कहा, यह बेहद चिंता की बात है कि इस तरह की घटनाएं नैशनल हाइवे पर देखी जा सकती हैं। इन राज्यों में दूसरे इलाकों की क्या हालत होगी? उन्होंने आगे कहा कि यह परिस्थिति साफ तौर पर संकेत दे रह है कि पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में व्यापक पैमाने पर पराली जलाई जा रही है।

दिल्ली सरकार ने यह भी दावा किया कि बार-बार अनुरोध के बावजूद गरीब किसानों को पर्याप्त रूप से प्रोत्साहित नहीं किया गया। इस वजह से उनपर कृषि अवशेषों को जलाने का दबाव बन रहा है। दिल्ली सरकार ने एक बयान में कहा कि यह काफी दर्दनाक है कि बार-बार रिक्वेस्ट के बावजूद केंद्र सरकार ने अबतक पड़ोसी राज्यों के सीएम और मंत्रियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक नहीं की है।

दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने इसे आपराधिक कहा है। उन्होंने ट्वीट कर लिखा कि अबतक कोई ऐक्शन नहीं लिया गया। उन्होंने कहा कि किसान फिर से बेसहारा महसूस कर रहे हैं। केजरीवाल ने चेताया कि दिल्ली समेत पूरा इलाका फिर से गैस चैंबर बन जाएगा।

# दिल्ली के अस्पतालों में दिल्लीवासियों को नहीं मिलेगी प्राथमिकता: हाईकोर्ट

नईदिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले से दिल्ली सरकार को बड़ा झटका लगा है. हाईकोर्ट ने अरविंद केजरीवाल सरकार के सर्कुलर को खारिज कर दिया है. दिल्ली सरकार ने यह सर्कुलर जीटीबी अस्पताल में दिल्लीवासियों को इलाज में प्राथमिकता देने के लिए जारी किया था.

बता दें कि दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा है कि दिल्ली के सरकारी अस्पतालों में होने वाले इलाज में किसी भी मरीज के साथ भेदभाव नहीं किया जाएगा. कोर्ट ने माना कि दिल्ली सरकार का सर्कुलर मनमाना है और मेडीकल सेवाओं में भेदभाव किसी भी लिहाज से मरीजों के साथ नाइंसाफी है.

बता दें कि दिल्ली के अस्पतालों में देशभर से मरीज इलाज कराने के लिए आते हैं. ऐसे में मरीजों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए अरविंद केजरीवाल सरकार ने दिल्लीवासियों को प्राथमिकता का सर्कुलर जारी किया था.

CMYK